भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2302

जिसका उत्तर सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

किसान क्रेडिट कार्ड जारी करना

†2302. श्रीमती माला राय:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्डों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में संतृप्ति स्तर का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): राज्य-वार परिचालनरत किसान क्रेडिट कार्डों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग): किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एक मांग-संचालित योजना है जिसके अंतर्गत कृषि और संबद्ध क्रियाकलापों में कार्यरत सभी पात्र किसानों को उनकी कार्यशील पूंजी और निवेश ऋण अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से समय पर और किफायती ऋण प्रदान किया जाता है। केसीसी के अंतर्गत सभी पात्र किसानों के लिए ऋण सीमा वित्त की मात्रा, खेती के अंतर्गत क्षेत्र, फसल पद्धति और संबंधित अपेक्षाओं के अनुसार निर्धारित की जाती है।

आरबीआई और नाबार्ड द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार सक्रिय केसीसी खातों की कुल संख्या 7.28 करोड़ थी और इन खातों में बकाया राशि 10.08 लाख करोड़ रुपये थी।

*****

अनुबंध

"किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2302 के उत्तर भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

राज्यवार परिचालनरत किसान क्रेडिट कार्ड का ब्यौरा

क्रम सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	परिचालनरत केसीसी खातों की संख्या (वास्तविक आंकड़ों में)		
		2023-24	2024-25	2025-26
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	8,324	8,368	9,045
2	आंध्र प्रदेश	48,53,487	47,33,502	52,83,636
3	अरुणाचल प्रदेश	18,388	22,484	24,048
4	असम	6,70,832	5,53,146	4,36,216
5	बिहार	28,80,585	28,20,890	22,29,315
6	चंडीगढ़	1,582	1,010	748
7	छत्तीसगढ	21,45,836	19,08,855	20,90,655
8	दादरा नगर हवेली	1,543	1,447	1,171
9	गोवा	11,649	11,903	9,473
10	गुजरात	31,37,242	32,24,658	35,35,680
11	हरियाणा	23,61,829	24,00,489	24,29,330
12	हिमाचल प्रदेश	5,02,861	5,10,282	5,31,152
13	जम्मू और कश्मीर	10,66,887	11,13,136	11,17,490
14	झारखंड	9,95,531	9,68,619	9,18,867
15	कर्नाटक	54,98,818	53,76,105	49,02,590
16	केरल	26,58,063	24,11,756	23,06,469
17	लद्दाख	28,228	28,134	28,005
18	लक्षद्वीप	2,555	3,110	3,577
19	मध्य प्रदेश	65,00,382	65,17,376	58,41,301
20	महाराष्ट्र	72,17,854	70,31,265	61,30,311
21	मणिपुर	19,699	18,309	17,346
22	मेघालय	77,422	85,889	96,625
23	मिजोरम	51,561	42,682	38,867
24	नागालैंड	32,072	36,510	41,009
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	2,761	2,614	2,110
26	ओडिशा	44,65,567	42,79,001	39,21,029
27	पुद्दुचेरी	20,366	19,361	11,468
28	पंजाब	22,34,658	21,67,523	22,20,629
29	राजस्थान	68,45,762	71,27,313	71,53,741
30	सिक्किम	10,115	10,995	10,039
31	तमिलनाडु	40,31,906	40,38,150	41,87,135
32	तेलंगाना	45,08,942	45,76,239	41,36,291
33	त्रिपुरा	1,64,916	1,71,181	1,41,889
34	उत्तर प्रदेश	1,09,17,055	1,09,56,279	98,60,137
35	उत्तराखंड	5,54,157	5,11,706	4,94,920
36	पश्चिम बंगाल	30,04,799	35,20,251	26,65,570
कुल		**7,75,04,234**	**7,72,10,538**	**7,28,27,884**

स्रोत: आरबीआई और नाबार्ड

****